(No hon. Member dissented)

MR. CHAIRMAN: Permission to remain absent is granted.

MATTERS RAISED WITH PERMISSION

Brutal Murder of an M.L.A. in Uttar Pradesh

डा॰ मुरली मनोहर जोशी (उत्तर प्रदेश): सभापति जी, मैं, आपकी अनुमति से बहुत ही चिंता और शोक के साथ एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्रश्न इस सदन के समक्ष रखना चाहता हूं। महोदय, कल दिन-दहाड़े उत्तर प्रदेश के एक अत्यंत सम्माननीय विधायक श्री कृष्णकांत राय जी की निर्मम हत्या उनके 6 सुरक्षाकर्मी तथा एक सरकारी सुरक्षाकर्मी के साथ कर दी गयी। सात व्यक्तियों की हत्या इस प्रकार से की जाये। श्री कृष्णकांत राय कोई आपराधिक व्यक्ति नहीं थे। उनके विरुद्ध कोई मुकद्दमा, किसी प्रकार का कोई आपराधिक कृत्य नहीं था। ...(व्यवधान)... उनका एक ही अपराध था। ...(व्यवधान)... जी नहीं, उसमें कोई चार्ज नहीं है।

श्री सभापति: इन्हें बोलने दीजिए। ...(व्यवधान)... आप बैठ जाइए। ...(व्यवधान)...

डा॰ मुरली मनोहर जोशी: कोई चार्ज नहीं है। ...(व्यवधान)... उनका एकमात्र अपराध यही था कि उन्होंने गाजीपुर जिले के दो अंसारी बंधुओं में से एक को चुनाव में हरा दिया था। उत्तर प्रदेश में ऐसी घटनाएं बहुत बढ़ रही हैं कि जिनमें राजनीतिक प्रतिद्वंदिता को, यदि चुनाव के द्वारा हल नहीं किया जा सके, तो हत्याओं के द्वारा उनका निपटारा कर लिया जाए। इसके पहले एक और विधायक जो बसपा के थे, श्री राजू पाल, उनकी निर्मम हत्या इसी प्रकार से इलाहाबाद में दिन-दहाड़े की गई थी। यह बहुत ही लोमहर्षक था। इतना ही नहीं, कुछ दिनों पहले राजेन्द्र राय, वे भी गाजीपुर जिले के थे, उनकी भी हत्या की गई और उसमें भी एक विधायक का, जो इंडिपेंडेंट हैं और इस समय समाजवादी पार्टी से सम्बन्धित हैं, उनका नाम लिया गया और उनके बारे में एफ॰आई॰आर॰ दर्ज करायी गई। मुश्किल यह है कि उन सारे विधायकों को या ऐसे अपराधी तत्वों को मुख्य मंत्री महोदय ने सदन में बुलाया और क्लीच चिट भी दे दी कि ये बिल्कुल निरपराध हैं, इन्होंने कुछ नहीं किया है। यह स्थिति वहां है। फिर राजेन्द्र मिश्र आज़मगढ़ गांव के...(व्यवधान)...

श्री उदय प्रताप सिंह (उत्तर प्रदेश): मैं जोशी जी से एक अनुरोध करूंगा। ...(व्यवधान)...

[श्री उपसभापति पीठासीन हुए।]

श्री शाहिद सिद्दिकी (उत्तर प्रदेश): गवर्नर हाउस के सामने हत्या हुई थी, वह भी बोल दीजिए। ...(व्यवधान)...

† [شری شاہد صدیقی : گورنر ہاؤس کے سامنے ہتیہ ہوئی تھی، وہ بھی بول دیجئے۔.....مداخلت.....]

---

†Transliteration in Urdu Script.

डा॰ मुरली मनोहर जोशी: मैं वह भी बोल रहा हूं। ...(**व्यवधान**)... वह भी बोल रहा हूं।... (**व्यवधान**)... पूरी बात तो सुनिए।...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: आप बैठिए।...(**व्यवधान**)... आप बैठिए। इनको बोलने के लिए परमिशन दिया गया है। इनको बोलने दीजिए।...(**व्यवधान**)...

डा॰ मुरली मनोहर जोशी: मेरी पूरी बात तो सुनिए।...(**व्यवधान**)...

श्री शाहिदी सिद्दिकी: अगर *को लाएंगे तो यही होगा।...(**व्यवधान**)...

†[شری شاہد صدیقی : اگر (*) کو لائیں گے تو یہی ہوگا۔.....مداخلت.....]

डा॰ मुरली मनोहर जोशी: मेरी पूरी बात तो सुनिए।...(**व्यवधान**)... हमारे यहां कोई* नहीं है।..(**व्यवधान**)...

SHRIMATI SUSHMA SWARAJ (Uttaranchal): Sir, he is justifying the killing and now saying कि यही होगा। ...(**व्यवधान**)...

डा॰ मुरली मनोहर जोशी: उपसभापति जी, यह धमकी दी जा रही है।...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: सिद्दिकी साहब, आप बैठिए। ...(**व्यवधान**)... आप इनको बोलने दीजिए। ...(**व्यवधान**)... आप बैठिए। ...(**व्यवधान**)... सिद्दिकी साहब, आप बैठिए। ...(**व्यवधान**)...

डा॰ मुरली मनोहर जोशी: उपसभापति जी, हमारी तरफ से कोई* नहीं है। यह एक धमकी दी जा रही है कि अगर * लाएंगे तो यही होगा, यानी मारा जाएगा और वह राजनीतिक दृष्टि से मारा जाएगा। ...(**व्यवधान**)... सरकार मरवाएगी उसको? ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: देखिए, आपने यह सब्जैक्ट उठाया है।...(**व्यवधान**)...

डा॰ मुरली मनोहर जोशी: मैं पूरे तथ्य सामने रख रहा हूं।...(**व्यवधान**)...

श्रीमती सुषमा स्वराज: यह जो विषय है, लॉजिकल कन्क्लूजन तक जाना चाहिए, सर।

डा॰ मुरली मनोहर जोशी: उसके पहले आजमगढ़ जिले में राजेन्द्र मिश्रा की हत्या हुई थी। इनका कहना है कि लखनऊ में एक विधायक की सरेआम हत्या हुई है। यह भी हुई है। हमारे एक विधायक हैं, श्री उदय भान करवारिया उनको हत्या की धमकी दी जा रही है, मारने की धमकी दी जा रही है। वे बारा कंस्टीच्यूएंसी से हैं मेरा प्रश्न है कि क्या उत्तर प्रदेश में स्थिति यहां तक जाएगी? हमने मऊ के दंगों के बारे में कहा था कि इसकी सी॰बी॰आई॰ से जांच कराइए, लेकिन नहीं कराई गई। जो लोग मऊ के दंगों के अपराधी थे, जिनके ऊपर चार्जशीट लगी हुई है, जिनके ऊपर मुकद्दमें हैं,

†Transliteration in Urdu Script.
*Expunged as ordered by the Chair.

उनको ही सरकार का मुख्य मंत्री कहता है कि उन्हें क्लीन चिट है। आज उत्तर प्रदेश में यह स्थिति है और सारा क्षोभ है। उपसभापति जी, सारे उत्तर-पूर्वी उत्तर प्रदेश के अन्दर क्षोभ है। बनारस से लेकर गोरखपुर तक के लोग इससे क्षुब्ध हैं। यहां पर गृह मंत्री जी उपस्थित हैं। हमने यह कहा था कि क्या गृह मंत्री जी इस मामले की भी जांच सी॰बी॰आई॰ से करवांएगे? ...(व्यवधान)...

श्री उपसभापति: आप बैठिए। ...(व्यवधान)... किसी को परमिशन नहीं दी जाएगी। ...(व्यवधान)... नहीं, नहीं, आप बैठिए।..(व्यवधान)... किसी को परमिशन नहीं है..(व्यवधान)... आप बैठिए। ...(व्यवधान)... आप बैठिए, मैं खड़ा हूं। ...(व्यवधान)... सिद्दिकी साहब, आप बैठिए।...(व्यवधान)... आपको परमिशन नहीं दिया गया है। ...(व्यवधान)... आप प्लीज़ बैठिए। ...(व्यवधान)... मै खड़ा हूं, आप प्लीज़ बैठिए।...(व्यवधान)... देखिए, जोशी जी, यह जो आपने जीरो-आवर में नोटिस दिया है, यह सिर्फ मेंशन करने के लिए दिया है क्योंकि यह सब्जेक्ट ...(व्यवधान)

डा॰ मुरली मनोहर जोशी: सर, मेंशन ही तो नहीं करने दिया जा रहा है?

श्री उपसभापति: नहीं, नहीं, । आपने यह हत्या के बारे में कहा है। यह लॉ एंड ऑर्डर सब्जेक्ट स्टेट का है।...(व्यवधान)

श्री मुख्तार अब्बास नकवी (उत्तर प्रदेश): सर, पूरी बात पहले सुन ली जाए।...(व्यवधान)

श्री उपसभापति: नहीं। देखिए, जीरो-आवर में पूरी बात ऐसे ही होती है।...(व्यवधान)

श्री मुख्तार अब्बास नकवी: जब आप पूरी चर्चा नहीं करने देंगे, तो जानकारी कैसे होगी? ...(व्यवधान)

श्री उपसभापति: आप बैठिए। ...(व्यवधान)... जब चेयर से कुछ कहा जा रहा है ...(व्यवधान)... आप बैठिए। ...(व्यवधान)... नहीं, नहीं। आप बैठिए, प्लीज़। ...(व्यवधान)

श्री शाहिद सिद्दिकी: सर, आपने उनको अनुमति दी है, तो हमें भी कुछ कहने की इजाजत होनी चाहिए।...(व्यवधान)

†**श्री शाहिद صدیقی:** سر، آپ نے ان کو انومتی دی ہے، تو ہمیں بھی کچھ کہنے کی اجازت ہونی چاہئے.....مداخلت.....

डा॰ मुरली मनोहर जोशी: उपसभापति जी, मैं तो सरकार से स्पष्टीकरण लेना चाहता हूं। ...(व्यवधान)...

श्री उपसभापति: देखिए। ...(व्यवधान)... बैठिए, आप बैठिए।

†Transliteration in Urdu Script.

श्रीमती सुषमा स्वराज: सर, हम राज्यों की सभा हैं और डा॰ साहब एक विधायक की हत्या का सवाल उठा रहे हैं। बजाय इसके कि सर्वसम्मति से सारा सदन इसकी निंदा करे, इसी सदन के कुछ लोग इस तरह की बात कर रहे हैं।...(व्यवधान)

श्री उपसभापति: आप बैठिए। जोशी जी, जीरो-आवर की जो इम्पोर्टेन्स है, इसमें डिसक्शन थोड़े ही होगा।...(व्यवधान)... आप बैठिए। जब मैं कुछ कह रहा हूं, तो Please help the Chair. जीरो-आवर में जो विषय उठाए जाते हैं, उन पर इमीडिएट रेस्पोन्स तो हो नही सकता। नंबर वन, और दूसरी बात यह है कि यह जो सवाल आपने उठाया है, just to bring it to the notice यह जो जीरो-आवर में मेंशन होता है, वह होता है just to bring it to the notice of the Government. यह सिचुएशन लॉ एंड ऑर्डर की सिचुएशन है, जो स्टेट का सब्जेक्ट है। You have brought it to the knowledge of the Government. Governemnt will inform the respective State Governments. अब इससे ज्यादा तो हो नहीं सकता।... (व्यवधान)... अब फुल-फ्लेज्ड डिसकशन तो हो नहीं सकता। आपने तो बता दिया है ,...(व्यवधान)... I cannot allow a full-fledged discussion on this...*(Interruptions)*... I cannot allow a full fledged discussion on this.

डा॰ मुरली मनोहर जोशी: सर, मैं पूरे फैक्ट्स सामने रख रहा हूं।...(व्यवधान)... मैं पूरे तथ्य आपके सामने रखूंगा।...(व्यवधान)... यह अजीब बात है कि हमारे विधायकों की हत्या हो रही हो और फिर हमें बोलने भी न दिया जाए।...(व्यवधान)

श्री उपसभापति: आप लोग चाहते क्या हैं? ...(व्यवधान)... बैठिए, आप बैठिए।...(व्यवधान)

श्री मुख्तार अब्बास नकवी: हमारे विधायकों की हत्या हो रही है, इसलिए पहले हमारी बात पूरी सुन ली जाए।...(व्यवधान)...

श्री शाहिद सिद्दिकी: राजस्थान में जो हत्या हो रही है, हम लोगों को सुना जाए।...(व्यवधान)

†**श्री शाहिद صدیقی:** راجستھان میں جو ہتھیا ہو رہی ہیں، ہم لوگوں کو سنا جائے .....مداخلت.....

श्री उपसभापति: बैठिए, गृह मंत्री जो खड़े हो रहे हैं।

डा॰ मुरली मनोहर जोशी: उपसभापति जी, वर्मा जी को भी तथ्य रखने दीजिए।

श्री उपसभापति: देखिए, वर्मा जी का जो आपने कहा। चैम्बर में यह बात हुई थी। परमीशन मिलने के पहले, कि सिर्फ जोशी जी बोलेंगे और आप एसोसिएट करेंगे। This has been decided. अब इस पर फुलफ्लेज्ड डिसकशन तो हो नहीं सकता।...(व्यवधान)...

---

†Transliteration in Urdu Script.

Minister is reacting.

गृह मंत्री (श्री शिवराज वी॰ पाटिल): श्रीमन्, आपने इस विषय को सही परिप्रेक्ष्य में सदन के सामने आने दिया है। किसी की भी हत्या जो जाती है, तो हम सब लोगों को उसका दुख होता है और हम लोगों की जिम्मेदारी बन जाती है कि जो भी कर सकते हैं, हमें करना चाहिए। ये जो हत्याएं हुई हैं, उनके संबंध में हमने स्टेट गवर्नमेंट से मालूमात मंगाई है और उसे देखने के बाद जो भी डायरेक्शंस हम कांस्टिट्यूशनली उनको दे सकते हैं, जरूर देंगे।

श्री उपसभापति: ठीक है। ...(**व्यवधान**)... Now, Mr. Jairam Ramesh ...(**व्यवधान**)...

श्रीमती सुषमा स्वराज: सर, विधायक हमारे मतदाता हैं। ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: What can you expect more than this? ...*(Interruptions)*...Mr. Jairam Ramesh, you start...*(Interruptions)*...

डा॰ मुरली मनोहर जोशी: यह विधायकों की हत्या...(**व्यवधान**)...

श्रीमती सुषमा स्वराज: विधायक हमारे मतदाता हैं। ...(**व्यवधान**)...

श्री एस॰ एस॰ अहलुवालिया (झारखंड): हम राज्य सभा में हैं और राज्य सभा के चैम्बर्स का जो वोटर है, उसकी हत्या हो जाएं और इस सदन में...(**व्यवधान**)...

श्री शिवराज वी॰ पाटिल: आप एक-एक करके बोलेंगे तो मैं जिसका जवाब दे सकता हूं, दूंगा। ...(**व्यवधान**)...

डा॰ मुरली मनोहर जोशी: मेरा निवेदन यह है ...(**व्यवधान**)... यह विधायकों की हत्या का सवाल है और वे हमारे मतदाता हैं, राज्य सभा के सदस्यों के मतदाता हैं और बराबर धमकियां मिल रही हैं ...(**व्यवधान**)... वह सरकार, जो उत्तर प्रदेश में हैं, वह आपकी सहयोगी है ...(**व्यवधान**)

श्री शाहिद सिद्दिकी: हमको भी अपनी बात कहने का...(**व्यवधान**)...

†**شری شاہد صدیقی** : ہم کو بھی اپنی بات کہنے کا.....مداخلت.....

श्री उपसभापति: आप क्यों ...(**व्यवधान**)... उन्होंने नोटिस दिया है। ...(**व्यवधान**)... यह गलत बात है। ...(**व्यवधान**)... Nothing will go on record. ...*(Interruptions)*... आप बैठिए। ...(**व्यवधान**)... यह तरीका नहीं हैं। यह तरीका नहीं है। ..(**व्यवधान**).. यह तरीका नहीं है, प्लीज, आप बैठिए। ...(**व्यवधान**)... आप ऐसा नहीं कीजिए। Yes, Mr. Jairam Ramesh.

डा॰ मुरली मनोहर जोशी: * हम वाक आउट करते हैं। ...(**व्यवधान**)...

---

†Transliteration in Urdu Script.
*Not recorded.

[At this stage some Hon. Members left the Chamber]

प्रो॰ रामबख्श सिंह वर्मा (उत्तर प्रदेश): माननीय उपसभापति महोदय, हमको ऐसोसिएट करने का मौका नहीं दिया गया।

श्री उपसभापति: आपने ऐसोसिएट कर दिया है न।

प्रो॰ रामबख्श सिंह वर्मा: मैं अपनी पार्टी के नेता के भाषण को ऐसोसिएट करता हूं और यह मांग करता हूं कि इस मामले की CBI द्वारा जांच कराई जाए। मैं भी वाक-आउट करता हूं।

[तत्पश्चात् माननीय सदस्य सदन से उठकर बाहर चले गए]

श्री नन्द किशोर यादव: *

श्री उपसभापति: नहीं, नहीं, मैं बिल्कुल अलाऊ नहीं करूंगा।

श्री नन्द किशोर यादव: *

श्री उपसभापति: नहीं, बिल्कुल नहीं। I will not allow... *(Interruptions)*... Mr. Jairam Ramesh...*(Interruptions)*...

श्री शाहिद सिद्दिकी: *

श्री उपसभापति: यह डिस्कशन नहीं है।

श्री शाहिद सिद्दिकी: *

श्री दारा सिंह चौहान: *

श्री उपसभापति: देखिए आप पहले मेरी बात सुनिए। ...(व्यवधान)... आप मेरी बात सुनिए। ...(व्यवधान)... देखिए, जीरो ऑवर है, इस जीरो ऑवर में जब चेयरमैन साहब ने उनको परमिशन दी मेंशन करने के लिए , उन्होंने मेंशन किया। इसका यह मतलब नहीं कि हाऊस में जितनी पार्टियों के जितने मैम्बर्स हैं, उनको उस पर बोलने का मौका दिया जाएगा। ...(व्यवधान)...

श्री शाहिद सिद्दिकी:*

श्री उपसभापति: नहीं, बिल्कुल नहीं, यह नहीं हो सकता। Mr. Jairam Ramesh ...*(Interruptions)*... आपको नोटिस देना चाहिए था। Mr. Jairam Ramesh ...*(Interruptions)*...

श्री शाहिद सिद्दिकी: *

श्री उपसभापति: आप किस रूल के तहत यह कर रहे हैं?

---

*Not recorded.

श्री दारा सिंह चौहान: *

श्री उपसभापति: देखिए, इस पर ...(व्यवधान)... आप बैठिए।

श्री शाहिद सिद्दिकी: *

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Nothing will go on record ...(*Interruptions*)... रमेश जी, आप बोलिए।...(व्यवधान)... शाहिद जी, आप बैठिए, रिकार्ड में कुछ नहीं जा रहा है। ...(व्यवधान)... बोलिए रमेश जी।

Brutal Killing of Sales Officer of IOC in Lucknow

SHRI JAIRAM RAMESH (Andhra Pradesh): I hope my friend, Mr. Shahid Siddiqui, will listen to me and not get further agitated by what I have to say.

Sir, I have been trying to raise this for the past one week. It relates to the brutal murder of a young IOC Sales Officer, who was an IIM graduate, in Lucknow, who took on the oil adulteration mafia. It is not my intention to use this occasion to run down the law and order situation in UP. It is a part of the series of murders of professionals, working in public sector organizations. Two years ago, we have the brutal murder of Satyendra Dube, who was exposing corruption in the functioning of the National Highway Authority of India in Bihar. Today, we are discussing the murder of a yougman, Mr. Manjunath; a murder which has shocked the people all across the country. Particularly, the professionals who joined...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: What is this?

SHRI N. JOTHI (TAMIL NADU) What about murders that are taking place in Delhi? (*Interruptions*) You want to discuss UP becuase it is not your party that is ruling there. (*Interruptions*) You will not discuss Delhi becuase it is youar party that is ruling here. (*Interruptions*)...

SHRI SHAHID SIDDIQUI (Uttar Pradesh): Sir, I am not saying anything about ..(*Interruptions*)... I am totally against that. But, then, we must discuss all those things that are happening all over the country. (*Interruptions*)...

श्री उपसभापति: क्या बात है, I I don't understand ...(*Interruptions*)... In this way, we can't discuss anything. (*Interruptions*) A Member had given a notice and the Chair had accepted that. If it becomes an issue of discussion